मुझे गले लगा लो श्याम | By Ranjeeta Shahi

अपनों ने ठुकराया गैरों की क्या बात करूँ
अब आकर गले लगा लो ना श्याम विनती बारम्बार करूँ

मैं हार गया हूँ श्याम मुझे गले लगा ले
करूँ विनती हाथ पसार हारे के सहारे
मैं हार गया हूँ श्याम ....

मेरी अर्ज़ी पर अपनी मर्ज़ी करो ना
हाथ दया का सर पे नाथ धर दो ना
मेरी अर्ज़ी करो स्वीकार पड़ूँ चरण तुम्हारे
मैं हार गया हूँ श्याम ....

जिसने भी पकड़ी चौखट तेरे दरबार की
जीत गया वो बाज़ी हारी हुई हार की
वो झूम उठा सरकार के जय जैकारे
मैं हार गया हूँ श्याम ....

कर दो ना कृपा ऐसी मेरे घर श्याम जी
करता रहूं सेवा पूजा मैं तो आठों याम जी
सत्य आया है अब हार लो द्वार तुम्हारे
मैं हार गया हूँ श्याम ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-ranjeeta-shahi/